राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य मिले

भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध करें

–राज्यपाल

जयपुर, 14 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों से कहा है कि आयोग को भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध पूरा करना चाहिए ताकि युवाओं को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता इस प्रकार होनी चाहिए कि उसमें किसी प्रकार के अदालती विवाद की गुंजाइस ही ना रहें। राज्यपाल श्री मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य श्री शिवसिंह राठौड़, श्रीमती राजकुमारी गुर्जर और श्री रामूराम राइका ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा की भर्ती प्रक्रिया की समयबद्धता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भर्ती का विज्ञापन जारी करने से अंतिम परिणाम निकलने तक प्रक्रिया को तय समय सीमा में ही पूरा किया जाना आवश्यक है।

ग्राम पंचायतों को वाई–फाई करेगा रेलटेल – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में रेलटेल के मुख्य प्रंबध निदेशक श्री पुनित चावला ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को श्री चावला ने बताया कि रेलटेल ने राजस्थान के 357 रेल्वे स्टेशनों पर वाई–फाई सेवाएं शुरू कर दी है। अब रेलटेल राजस्थान के जयपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर संभाग की ग्राम पंचायतों को वाई–फाई करने का काम शुरू करेगा, जिसे मार्च 2020 तक पूरा कर दिया जायेगा। राज्यपाल श्री मिश्र को श्री चावला ने बताया कि रेलटेल कार्पोरेशन दूर संचार सेवा प्रदाता है, जिसके पास शहर, कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पैन इण्डिया ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क उपलब्ध है। रेलटेल देश के सभी भागों में मल्टीमीडिया और नेटवर्क प्रदान करने में अग्रणी है।

आईएफडब्लूजे के करौली जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा की मुलाकात – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से करौली जिले के आईएफडब्लूजे के जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र शर्मा ने मुलाकात की। श्री प्रकाशचन्द शर्मा ने राज्यपाल श्री मिश्र को करौली जिले के हिण्डौन सिटी उपखंड मुख्यालय पर सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय खोलने की वर्षो पुरानी मांग को लेकर सोमवार को राजभवन में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को पत्रकारों का मांग पत्र प्रस्तुत किया।

इसरो द्वारा प्रकाशित एटलस भेंट – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को राजस्थान विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर एच एस शर्मा ने इसरो द्वारा प्रकाशित डेजर्टीफिकेशन एण्ड लैण्ड डिग्रेडेशन ऑफ सेलेक्टेड डिस्ट्रीक्टस ऑफ इंडिया का सेट भेंट किया। श्री शर्मा ने राज्यपाल श्री मिश्र को बताया कि एटलस में दूर संवेदन तकनीक से रेगिस्तानीकरण की प्रक्रिया को 79 जिलों में चित्रित किया गया है।

राज्यपाल श्री मिश्र से लोग मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिगेडियर श्री करण सिंह राठौड़, राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री अरूण चतुर्वेदी, पूर्व महापौर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री संजय गुप्ता, अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनु रावतानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण ने भेंट की।

राज्यपाल उदयपुर जायेंगे – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार को प्रातः राजकीय वायुयान से उदयपुर जायेगे। राज्यपाल श्री मिश्र उदयपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती पर आयोजित स्वच्छ भारत–सशक्त भारत–बापू के सपनों का भारत विषय पर लगाई गई विशेष डिजिटल मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र उदयपुर से मंगलवार की सांय जयपुर लौट आयेंगे।

––

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान